# **BULANDSHAHRPOLICE**

**दिनांक 01 मार्च, 2025** **थाना सिकन्द्राबाद**

## ऑनलाइन ठगी किये गये कुल 17 लाख रुपये थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा अथक परिश्रम कर बैंक खाते में वापस करायें।

दिनांक 28-02-2025 को श्री राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम लालपुर थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर एक शिकायत की गयी जिसमें अज्ञात व्यक्ति द्वारा आरटीजीएस के माध्यम से आवेदक के खाते से कुल 17 लाख रूपये की आनलाइन ठगी/निकासी किये जाने के आरोप अंकित किये गये थे। थाना सिकन्द्राबाद साइबर हैल्प डेस्क द्वारा अथक परिश्रम करते हुए आवेदक के 17 लाख रुपये वापस कराये गये। आवेदक द्वारा थाना सिकन्द्राबाद पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

**सावधान:-** किसी अनजान व्यक्ति से खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर इत्यादि साझा न करें।
खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरन्त 1930 पर कॉल करें।

**मीडिया सैल बुलन्दशहर**